**दिनांक : 09.05.2025** **समय : 07.10PM**

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार

- रक्षा मंत्रालय ने कहा कल रात पाकिस्तान ने 36 जगहों पर हमले की कोशिश की, भारत ने सभी मिसाइल और ड्रोन को किया नाकाम।
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में देश की मौजूदा स्थिति की समीक्षा।
- केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा देश में पर्याप्त खद्दान्न भंडार उपलब्ध, चिंता की कोई बात नहीं।
- भारत पाक के बीच तनाव के मद्देनजर बीसीसीआई ने आईपीएल मैच किए स्थगित।

अब समाचार विस्तार से–

**विदेश मंत्रालय-संवाददात सम्मेलन**

पाकिस्तान ऑपरेश सिंदर को लेकर आज रक्षा और विदेश मंत्रालय ने पत्रकार वार्ता कर जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि आठ और नौ मई की रात को पाकिस्तान ने भारत के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। पाकिस्तान की गोलीबारी में कई लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि भारत ने पाकिस्तान के चार ठिकानों पर जवाबी गोलाबारी की। पाकिस्तान ने तंगधार, उरी, उधमपुर में भारी गोलीबारी की गई। भारत ने इसका मुंहतोड जवाब दिया।

पत्रकार वार्ता में कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि 36 स्थानों पर 300 से 400 ड्रोन का इस्तेमाल हमले के लिए किया गया।

विदेश मंत्रालय के अनुसार पाकिस्तान की गोलीबारी में कई जवान घायल हुए हैं। हमले के दौरान उसका सिविल क्षेत्र खुला हुआ था, जिसका पाकिस्तान ने शील्ड के रूप में इस्तेमाल किया।

**रक्षा मंत्री बैठक**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में देश की मौजूदा सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की, श्री सिंह के साथ सेना के शीर्ष अधिकारी और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे, जिनमें चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना चीफ

एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, वायुसेना चीफ एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह और रक्षा सचिव आरके सिंह शामिल थे। यह बैठक ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई के मद्देनजर हुई। इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी सीमा सुरक्षा बल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के महानिदेशकों के साथ बैठक की। बैठक में मौजूदा सीमा स्थिति की समीक्षा और देश भर के हवाई अड्डों पर सुरक्षा व्यवस्था का आकलन करने पर ध्यान केंद्रित किया गया था। यह चर्चा संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ी हुई सतर्कता और राष्ट्रीय सुरक्षा बुनियादी □ांचे को मजबूत करने के प्रयास के बीच हुई है। बैठक में मौजूद अधिकारियों ने गृह मंत्री को समग्र सुरक्षा तैयारियों और मौजूदा जमीनी हालात से अवगत कराया।

**शिल्पग्राम महोत्सव 2025**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के रवींद्र भवन, में आयोजित 'जनजातीय शिल्पग्राम महोत्सव 2025' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि जनजातीय कलाकारों की कला अद्भुत है, वे मिट्टी को सोने सी चमक देती रचनाओं में □ालते हैं।

वहीं इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन, जिनके नेतृत्व में हमारी सेना आधुनिक तकनीक से लैस है और पाकिस्तान की नापाक हरकत पर मुंहतोड़ जवाब देकर अद्भुत शौर्य और पराक्रम का परिचय दे रही है। दुश्मनों को सबक सिखाने के लिए पूरा देश एकजुट है।

**शिवराज-जोशी खाद्य भंडार**

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देश में पर्याप्त खाद्यान्न भंडार उपलब्ध है। श्री चौहान ने नागरिकों से किसी भी आपात स्थिति में शांत रहने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि अनाज का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है और आगामी फसलों के लिए भी अनुकूल परिस्थितियाँ हैं। नई दिल्ली में आज कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार जम्मू-कश्मीर और पंजाब से चर्चा करके स्थिति के अनुसार बीज और रोपण सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित करेगी।

इस बीच, उपभोक्ता कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि आवश्यक वस्तुओं के

व्यापार में शामिल  व्यापारियों, थोक और खुदरा विक्रेताओं तथा व्यावसायिक संस्थाओं को कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सहयोग करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि जमाखोरी या भंडारण में लिप्त किसी भी व्यक्ति पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा चलाया जाएगा।

**रक्षा-मीडिया सलाह**

केंद्र **सरकार** ने सभी मीडिया चैनलों, डिजिटल प्लेटफॉर्म और नागरिकों से रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही की लाइव कवरेज या वास्तविक समय की रिपोर्टिंग न करने को कहा है। रक्षा मंत्रालय ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय की एक सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए कहा कि ऐसी संवेदनशील जानकारी और सूत्र आधारित सूचना अभियान की प्रभावशीलता को खतरे में डाल सकता है।

मंत्रालय ने कारगिल युद्ध, 2008 मुम्बई आतंकी हमला और कंधार अपहरण जैसी घटनाओं का उल्लेख करते हुए समय पूर्व रिपोर्टिंग के जोखिमों का हवाला दिया। केबल टेलीविजन नेटवर्क संशोधन नियम, 2021 के अनुसार, आतंकवाद विरोधी अभियानों के दौरान केवल नामित अधिकारियों द्वारा समय-समय पर ब्रीफिंग की अनुमति है। रक्षा मंत्रालय ने सभी हितधारकों से राष्ट्र की सेवा में उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए कवरेज में सतर्कता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी बरतने का आग्रह किया है।

**नदी परियोजना**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस की मौजूदगी में कल 10 मई को भोपाल में "ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज" परियोजना का एमओयू होगा। हमारे संवाददाता ने बताया है कि केन-बेतवा लिंक परियोजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना के बाद अब मध्यप्रदेश में तीसरी महत्वपूर्ण अंतर्राज्यीय नदी परियोजना "ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना" पर कार्य होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड रिचार्ज परियोजना है। इसके जरिए महाऱाष्ट्र सरकार के साथ

मिलकर ताप्ती नदी की तीन धाराएं बनाकर राष्ट्रहित में नदी जल की बूंद-बूंद का उपयोग सुनिश्चित कर कृषि भूमि का कोना-कोना सिंचित किया जाएगा।

**बीसीसीआई-आईपीएल**

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के मद्देनजर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड बीसीसीआई ने IPL स्थगित करने का फैसला किया है। लीग स्टेज के बचे हुए 12 मैच अभी नहीं कराए जाएंगे। पहले आईपीएल का फाइनल मुकाबला 25 मई को होना था। अब माना जा रहा है कि देश में शांति व्यवस्था स्थापित होने के बाद ही IPL के बाकी मैचों को कराने पर फैसला लिया जाएगा। इससे पहले कल रात हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच को भी बीच में रोक दिया गया था।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- अशोकनगर में मध्यप्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खिलाडियों को दी जाने वाली खेल छात्रवृति अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक प्राप्त किया है । वरीयता राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक अर्जित करने वाले खिलाडियों को दी जायेगी।
- मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत सीहोर जिले की भैरूंदा तहसील के ग्राम पिपलानी में सामूहिक विवाह समारोह कल 10 मई को आयोजित होगा ।
- देवास जिले के युवाओ को निजी संस्थाओं में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए युवा संगम आयोजन अन्तर्गत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिंसशिप के अवसर देने के उद्देश्य से युवा संगम का आयोजन जिला व्यापार उदयोग केन्द्र में 16 मई को आईटीआई प्रांगण में किया जा रहा है।
- गुना जिले के कैंट और आरोन थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क हादसों में कई लोग घायल हो गए, जबकि एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। कैंट थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक बाइक सवार घायल हो गया, वहीं आरोन में ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से एक युवक की जान चली गई।

- कटनी पुलिस अधीक्षक द्वारा वर्तमान कानून व्यवस्था ड्यूटी के मद्देनजर ऑर्डिनेंस फैक्टरी में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। वही कटनी में पुलिसकर्मियों की छुटटी पर रोक लगाई गई है।
- भारत—पाकिस्तान तनाव को देखते हुए शहडोल जिला प्रशासन भी सतर्क है। जिले में किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारी की जा रही है। पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों और कुख्यात अपराधियों की सूची तैयार की है।
- झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में जनजातीय कार्य विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग के परीक्षा परिणामों छात्रवृत्ति प्रोफाइल पंजीयन अपार आईडी नामांकन सम्बन्धी समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

-----------------------------